(78)

कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक :– शिविरा–माध्य / सूअप्र / निर्देश / 2021 दिनांक - 15.07.2021

समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी

(जिला मुख्यालय)

विषय :– आरटीआई पोर्टल पर संबंधित SPIO एवं FAO के डाटा अपडेशन के क्रम में।

प्रसंग :– इस कार्यालय के पत्र क्रमांक :– शिविरा / माध्य / सूअप्र / निर्देश / 2021 दिनांक 03.03.2021 के क्रम में।

उपरोक्त विषयान्तगर्त एवं प्रासंगिक पत्र के क्रम में लेख है कि उक्त प्रासंगिक पत्र के द्वारा प्रत्येक जिले के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी (CDEO) को आरटीआई ऑनलाईन पोर्टल पर क्षेत्राधिकार के राज्य लोक सूचना अधिकारी एवं प्रथम अपील अधिकारी के डाटा अपडेशन का कार्य पोर्टल पर समयबद्ध रूप से निस्तारण हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। इस क्रम में समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि आप अपने क्षेत्राधिकार के समस्त SPIO एवं FAO के डाटा पोर्टल पर अपडेट का कार्य करेंगें, जिसमें आप किसी SPIO / FAO का स्थानान्तरण या अन्य स्थान पर पदस्थापन होने पर अविलम्ब आरटीआई पोर्टल पर नवीन SPIO / FAO का डाटा अपलोड करेंगें एवं इसमें किसी तरह की तकनीकी समस्या आती है तो इस कार्यालय से संपर्क करेंगें।

इस कार्यालय के पत्र दिनांक 24.02.2021 के द्वारा राज्य लोक सूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी पुनः मनोनित किये गए थे, उक्त आदेश की प्रति संलग्न है। उक्त आदेश के क्रम में **आप सभी मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करावें कि शहरी क्षेत्र के सभी स्कूल संबंधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के अधीन है। उक्त स्कूलों का प्रधानाचार्य राज्य लोक सूचना अधिकारी नहीं है** एवं ग्राम पंचायत क्षेत्र के समस्त विद्यालयों के लिए संबंधित पीईईओ राज्य लोक सूचना अधिकारी है।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार

(धर्मेन्द्र दनेवा)
सहायक निदेशक
सूचना का अधिकार अनुभाग
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर